पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ



बेटे/बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े की | अपने विवाह की वर्षगांठ की
फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9803164436
नोट: मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।


# 2 साल में 12.84 करोड़ पौधे लगाए, 86 लाख नष्ट, इस बार फिर 10 करोड़ लगाने की तैयारी

जयपुर, 21 जुलाई (ब्यूरो) : प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। इसके लिए गत दो वर्षों में बरसात के सीजन में अभियान चलाकर 12.84 करोड़ पौधे लगाए गए हैं जिसमें से 86 लाख पौधे नष्ट हो चुके हैं। वहीं इस बार भी राज्य सरकार ने 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके लिए वन विभाग ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। इस बार पौधारोपण के लिए निजी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

वन विभाग के 5.12 करोड़ पौधे : आंकडो के अनुसार वन विभाग ने वर्ष 2023-24 में 2.64 करोड़ तथा 2024-25 में 2.48 करोड़ पौधे लगाए। दूसरी ओर अन्य विभागों एवं आमजन ने 2023-24 में 2.98 करोड़ और 2024-25 में 4.74 करोड़ पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का लगभग 60 प्रतिशत योगदान अन्य विभागों और आमजन का रहा।

**जैसलमेर में ज्यादा, राजसमंद में कम पौधारोपण :** जिला-वार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में जैसलमेर में सर्वाधिक 35.62 लाख पौधे लगाए गए। इसके बाद बीकानेर (20.70 लाख) और श्रीगंगानगर (18.60 लाख) का स्थान रहा। वहीं राजसमंद में केवल 0.45 लाख पौधे लगाए गए, जो राज्य में सबसे कम है।

**कोटा में सबसे ज्यादा पौधे नष्ट झालावाड़ ने सबसे ज्यादा बचाया :** जीवितता रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 में कोटा की पौधों की जीवितता दर केवल 55 प्रतिशत रही, जिससे यहां लगभग 2.71 लाख पौधे नष्ट हो गए। दूसरी ओर वर्ष 2024-25 में झालावाड़ ने 96.77 प्रतिशत जीवितता दर हासिल की, जहां पौधों का नुकसान सबसे कम रहा। यह राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना गया।



### पौधे नष्ट होने के प्रमुख कारण

- *बरसात की कमी और सूखा*
- *सिंचाई एवं रखरखाव में कमी*
- *पशुओं द्वारा चराई*
- *अत्यधिक गर्मी और प्रतिकूल मौसम*
- *पौधों का प्राकृतिक रूप से सूख जाना*
- *स्थानीय स्तर पर संरक्षण की कमी*

### 2023 में 55.50 लाख से अधिक पौधे नहीं बच सके

*वर्ष 2023-24 में लगाए गए पौधों में से लगभग 55.57 लाख तथा वर्ष 2024-25 में 30.62 लाख पौधे जीवित नहीं रह सके। दो साल में 86.19 लाख पौधे नष्ट हुए हैं। अन्य विभागों के पौधों की जीवितता का वन विभाग के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। वन विभाग की ओर से लगाए गए पौधों के संरक्षण, सिंचाई, रखरखाव और पुनः रोपण के लिए तीन वर्ष तक संधारण का प्रावधान है। पौधों की जीवितता का आंकलन विभागीय टीमों के साथ-साथ तृतीय पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से किया जाता है।*

## पीएम स्वनिधि योजना
# आवेदनों के निस्तारण के लिए 15 दिवसीय अभियान

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित ऋण आवेदनों के त्वरित निस्तारण को लेकर नगर निगम जयपुर में मंगलवार को आयुक्त ओमप्रकाश कसेरा की अध्यक्षता में बैंकर्स की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में योजना के तहत प्रथम, द्वितीय और तृतीय ऋण से जुड़े लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा की गई। 100 से अधिक लंबित प्रकरण वाले बैंकों को शीघ्र कार्रवाई कर सभी लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने सभी बैंक अधिकारियों को अगले 15 दिनों के भीतर विशेष अभियान चलाकर अधिकतम ऋण वितरण सुनिश्चित करने और लंबित आवेदनों का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ पात्र रेहड़ी-पटरी कारोबारियों तक समय पर पहुंचाना प्राथमिकता है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान बना सिरमौर, 141 ब्लॉकों की ई-नीलामी

## ढाई साल में प्रदेशभर में 102 मिनरल ब्लॉक की हुई नीलामी, निवेश, रोजगार और राजस्व में हुई बढ़ोतरी

जयपुर, 21 जुलाई (ब्यूरो) : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान खनन क्षेत्र का सिरमौर बन कर उभर रहा है। प्रधान खनिजों के 141 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ राजस्थान ने प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में खनिज खोज और खनिज ब्लॉकों के योजनाबद्ध नीलामी की प्रभावी कार्ययोजना तैयार की गई। जिसके परिणामस्वरूप राजस्थान के खान विभाग ने मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चालू वित्तीय वर्ष के भी आरंभिक तीन-साढ़े तीन माह में ही 14 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की जा चुकी है। खनन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 55 प्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन शुरु किया है।

**राजस्थान ने खनन क्षेत्र में रचा कीर्तिमान :** राज्य सरकार ने विगत ढ़ाई वर्षों में 102 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की है जबकि इससे पहले नई व्यवस्था लागू होने से लेकर 14 दिसंबर 2023 तक केवल 39 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ही नीलामी हुई थी। मुख्यमंत्री के निर्देशन में वर्ष 2024-25 में 34 ब्लॉकों, वर्ष 2025-26 में 39 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की गई है।

### सघन एवं नियमित मॉनिटरिंग से खनिज खोज को गति

खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा खनिज खोज से लेकर ई-नीलामी के लिए सघन एवं नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इससे प्रदेश में खनिज खोज और ई-ऑक्शन प्रक्रिया को गति मिल रही है। विभाग में पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल गठित कर नीलाम ब्लॉकों को पर्यावरण स्वीकृति सहित आवश्यक अनुमतियां दिलाने में समन्वय व सहयोग किया जा रहा है।

खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा ई-नीलाम किए गए 141 प्रधान खनिज ब्लॉकों में से 105 खनिज ब्लॉकों की माइनिंग लीज और 30 खनिज ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की गई है। इसके अलावा एक एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए नीलामी की गई है। सामरिक महत्व को देखते हुए इनमें से राजस्थान से ही 7 क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉकों की नीलामी भारत सरकार द्वारा की गई है। राज्य में ई-नीलामी प्रक्रिया लागू होने के बाद से अब तक सर्वाधिक 101 लाइमस्टोन के ब्लॉकों की नीलामी हुई है। इसके अलावा आयरन ओर के 13, बेसमेटल के 8, सिलियस अर्थ के 4, मैगनिज के 3, गोल्ड के 2, पोटाश एवं हैलाइट के 2, रेयर अर्थ एलिमेंट के 4 और गार्नेट, एमरल्ड, फ्लोराइट व रॉक फास्फेट के एक-एक ब्लॉकों की नीलामी हुई है। विभाग का फोकस नीलाम ब्लॉकों को परिचालन में लाने पर है। मिनरल ब्लॉकों की नीलामी से अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगने के साथ ही खनन क्षेत्र में निवेश, रोजगार और राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है।

# देवाधिदेव के दर पहुंचे सीएम



*मंगलवार को जयपुर में बंध की घाटी स्थित शक्ति और भक्ति की प्रतीक मां राजराजेश्वरी के मंदिर में दर्शन एवं पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही, देवाधिदेव महादेव के भी दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जगत जननी मां राजराजेश्वरी और भगवान भोलेशंकर से यही प्रार्थना है कि हमारा राजस्थान निरंतर प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे तथा सभी के जीवन में खुशहाली आए।*

# साइबर ठगी रोकने के लिए कड़े कदम, जीरो टाइम लैग का लक्ष्य

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी) : राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष साइबर समन्वय बैठक में राज्य के साइबर सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए कई अहम और कड़े फैसले लिए गए हैं। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आम जनता की गाढ़ी कमाई को साइबर ठगी से बचाना है।

बैठक में जीरो टाइम लैग का लक्ष्य रखते हुए तय किया गया कि हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जैसे ही कोई शिकायत दर्ज हो, बैंकों को बिना किसी समय-अंतराल के तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध खाते को होल्ड करना होगा।

इसके लिए राज्य की 190 चिन्हित हॉटस्पॉट बैंक शाखाओं और संदिग्ध एटीएम बिंदुओं पर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए पैनी निगरानी रखी जाएगी।

# डॉ. खड़गावत ने आरपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में हासिल की 46वीं रैंक

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरसी) : कड़ी मेहनत, अटूट लगन और संघर्ष के बल पर सफलता की इबारत लिखने वाली डॉ. नीलम खड़गावत पत्नी प्रदीप खड़ोलिया ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने आरपीएससी कॉलेज लेक्चरर (शारीरिक शिक्षा) परीक्षा की ऑल राजस्थान मेरिट लिस्ट में 46वीं रैंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। खास बात यह है कि डॉ. नीलम के करियर की यह पांचवीं सरकारी नौकरी है।



डॉ. नीलम खड़गावत का यह सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है, जिसमें उन्होंने एक के बाद 5 प्रतिष्ठित पदों पर सफलता हासिल की है। पहली नौकरी केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय, दूसरी केंद्र सरकार के अधीन सीआरपीएफ, तीसरी राजस्थान सरकार की शिक्षा विभाग, चौथी नौकरी में आरपीएससी की मेरिट लिस्ट में 25वीं रैक हासिल कर जयपुर के राजकीय विद्यालय माचरा में तैनात हैं। अब आरपीएससी की परीक्षा में 46वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में उनका चयन हुआ है।


**आम सूचना :** मेरे दादाजी स्व. श्री सांवतराम पुत्र श्री नानूराम की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा कोटपूतली में एक एफडी जमा थी (खाता संख्या- 535303030183789, ग्राहक संख्या- 216188378), जिसमें कोई नॉमिनी दर्ज नहीं था। दिनांक 23.02.2021 को मेरे दादाजी के स्वर्गवास उपरांत उनके विधिक उत्तराधिकारी होने के नाते तथा अन्य समस्त वारिसान की सहमति से उक्त एफडी की राशि मेरे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा कोटपूतली के खाता संख्या 535302010017716 में प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया की जा रही है। इस एफडी राशि पर अगर कोई भी व्यक्ति या वारिसान किसी प्रकार का कोई दावा या वाद-विवाद करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी। **-प्रदीप कुमार पुत्र श्री कैलाश मीणा, निवासी पूतली, कल्याणपुरा खुर्द, तह. कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड, (राज.)।**

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक: 21.07.2026
आम जनता को सूचित किया जाता है कि संपत्ति **फ्लैट नंबर D-404, स्प्लेंडर होम, सुशांत सिटी 1, मचना, कालवाड़ रोड, जयपुर 302012** के मूल "स्वीकृत साइट मैप" जिसके मालिक **अमित गुप्ता** हैं, **कहीं खो गए हैं।** इस संबंध में राजस्थान पुलिस पोर्टल पर **ऑनलाइन पुलिस रिपोर्ट संख्या 3215877/2026 दिनांक 16/7/2026** को सफलतापूर्वक दर्ज करा दी गई है। यदि किसी को भी उक्त संपत्ति या खोए हुए मानचित्र पर कोई दावा, अधिकार, आपत्ति या हित है, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करें। यदि 14 दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि शीर्षक स्पष्ट है, और गायब दस्तावेज़ पर कोई बाहरी दावा मौजूद नहीं है। **मालिक का नाम: अमित गुप्ता संपर्क सूत्र: 9810524153** पता: F-9, लालपुरिया गगन अपार्टमेंट्स, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर-302039

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/20/2026)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81255995 | मैनुफेक्चर एंड सप्लाई of मेटल Liners 60 kg for use with ERC | 706821 Nos | 23/07/2026 |
| 2 | 8125WCRTP-20A | मैनुफेक्चर एंड सप्लाई ऑफ इंडिविजुअल/आइसोलेटेड प्रे-टेन्सिओनेड प्रे-स्टेस्ड कंक्रीट (PSC) स्लीपर्स | 21506.94 मीटर | 04/08/2026 |
| 3 | 30261640 | कंट्रोल आर्म असेंबली लेफ्ट कन्सिसटिंग ऑफ 02 (TWO) आइटम्स | 1476 Sets, | 05/08/2026 |
| 4 | 30261048 | डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक अब्सॉरबेर फॉर वर्टीकल एप्लीकेशन | 2251 नंबर्स | 12/08/2026 |
| 5 | 38262317 | एडाप्टर (NARROW JAW) क्लास 'E' 6"X11" TO RDSO'S DRG. | 121762 नंबर्स | 13/08/2026 |
| 6 | 30261044B | वेयरिंग पीस फॉर साइड Bearer to Drg, No.-T-0-5-649, Alt.-18 & 'l'(small L) | 2617 नंबर्स | 18/08/2026 |
| 7 | 30261165B | ड्यूल फलश वाल्व साइज: 32 MM, बॉडी width 75 to 80 mm, बॉडी Length 145 | 5076.00 नंबर्स | 26/08/2026 |
| 8 | 30261351 | रबर बफर स्प्रिंग फॉर 1225 KGM कैपेसिटी (एच सेट कन्सिसटिंग ऑफ 4) | 2354 सेट | 27/08/2026 |
| 9 | 65255014A | सप्लाई ऑफ 03 Nos. Turbo चरगेद ट्रक (काव्ल चेसी) | 03 नंबर्स | 31/08/2026 |
| 10 | 30261218 | सेट ऑफ HYTREL UPPER एंड लोअर वॉशर फॉर | 359 set | 01/09/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# कोर्ट में खाली हाथ आए ओआईसी
## हाईकोर्ट ने कहा- वकील नहीं है तो प्रभारी अधिकारी को होनी चाहिए पूरी जानकारी

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी): हाईकोर्ट ने विधवा महिला को फैमिली पेंशन से जुडे मामले में सरकारी वकील की अनुपस्थिति में केस के प्रभारी अधिकारी के खाली हाथ आने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि यदि किसी कारण सरकारी वकील अदालत में मौजूद नहीं है तो संबंधित ओआईसी को पूरी केस फाइल, जरूरी आदेश, अधिसूचनाएं और मामले के तथ्यों की पूरी जानकारी के साथ उपस्थित होना चाहिए। इसके साथ ही समय पर जवाब भी दायर किया जाना चाहिए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में देरी नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव, प्रमुख पेंशन सचिव और पेंशन निदेशक को भेजते हुए कहा है कि सभी विभागों के ओआईसी को इस संबंध में निर्देश जारी किए जाए। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश गंगा देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामला सामान्य विवाद का नहीं, बल्कि विधवा को फैमिली पेंशन देने का है। ऐसे संवेदनशील मामले में भी विभाग का अधिकारी बिना जरूरी रिकॉर्ड और जानकारी अदालत में पेश हुआ है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान सरकारी वकील की अनुपस्थिति में केस से जुडे ओआईसी अदालत में पेश हुए। अदालत ने जब उनसे मामले में विभाग की ओर से पेश जवाब और याचिकाकर्ता के दावे से जुडे सरकारी आदेश और अन्य दस्तावेजों के बारे में पूछा तो ओआईसी ने कहा कि उनके पास इनसे जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं है।

# बहुरूपिया, चरवाहा, लाइनमैन व कंपाउंडर बनकर 80 ईनामी तस्करों की धरपकड़

### राजस्थान पुलिस एएनटीएफ ने की कार्रवाई

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी) : राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी और ड्रग सिंडिकेट की कमर तोड़ने के लिए गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने सफलता का एक नया और ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के कुशल मार्गदर्शन में एएनटीएफ ने एएनटीएफ का वार, डायमंड जुबली के पार अभियान के तहत महज 9 महीनों में 80 कुख्यात इनामी तस्करों को दबोचकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए इन तस्करों पर कुल 21 लाख 28 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

नशे के अंतरराज्यीय नेटवर्क को नेस्तनाबूद करने के लिए एएनटीएफ ने राजस्थान समेत देश के 8 अलग-अलग राज्यों में विशेष और समन्वित ऑपरेशन चलाए। तकनीकी निगरानी और मजबूत जमीनी खुफिया तंत्र के आधार पर पुलिस ने विभिन्न राज्यों में छिपे तस्करों को धर दबोचा है। इनमें राजस्थान के 64 आरोपी, मध्यप्रदेश के 10, गुजरात के 2, पंजाब के 2 व हरियाणा का एक आरोपी शामिल है। इसके अलावा केरल, झारखंड और पश्चिम बंगाल में छिपे तस्करों को भी चिन्हित कर शिकंजा कसा गया। ये अपराधी दूसरे राज्यों में सुरक्षित ठिकाने बनाकर राजस्थान और अन्य क्षेत्रों में ड्रग्स की सप्लाई कर रहे थे। इस पूरे मिशन को अंजाम देने के लिए एएनटीएफ की 5 विशेष कोड-नेम टीमों डेल्टा, विक्टर, सैमसन, रूद्रा और रैण्डी ने आपसी तालमेल से काम किया। ऑपरेशनों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखने के लिए इनके सांकेतिक नाम नीलमणि, विषाणुबाहु, मदमार्जार और खर-दूषण रखे गए थे।

# राहुल गांधी की नौटंकी लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली : राठौड़

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ बोले -पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समय में छात्रों पर हुआ अत्याचार

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी) : पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि घटता जनाधार और जनाधार को ढूंढने के लिए बैसाखियों के सहारे चलना कांग्रेस की आदत हो गई है। कल छात्रों और युवाओं के प्रदर्शन को लेकर आज जिस प्रकार की नौटंकी दिल्ली में एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे राहुल गांधी ने की है, यह लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली है।

उन्होंने कहा कि जब आंदोलनकारियों की बात केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा साहब से हो गई, उसी पर बात होनी चाहिए। लेकिन किसी न किसी तरह देश में प्रगति की ओर बढ़ता हिंदुस्तान, तरक्की की ओर बढ़ता हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के अंदर जिस प्रकार का आर्थिक विकास हो रहा है, उन मुद्दों पर लोकसभा में बहस नहीं हो, इसलिए इस बार भी एक नौटंकी रची है। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन बातों को लेकर धरने पर बैठते हैं। लेकिन गहलोत के शासन में एक-दो नहीं, लगातार 17 परीक्षाओं में पेपर लीक हुआ। उनके कार्यकाल में नौकरियां लुटती रहीं।

उन पर आरोप लगाने वाले आरपीएससी के मेंबर बाबूलाल कटारा ने स्वीकार किया था कि उन्होंने आरपीएससी की मेंबरशिप पैसे देकर ली थी। आज कटारा जेल में बैठे हैं। गहलोत ने आरपीएससी जैसी संस्था को एक तरह से कलंकित किया।

छात्र सड़कों पर आंदोलन करते रहे, लाठीचार्ज होता रहा, तब गहलोत ने आंदोलनकारियों से मिलना भी उचित नहीं समझा। आज अचानक उनका दर्द जगा। इस प्रकार की नौटंकी से कुछ होने वाला नहीं है।



राज्यपाल ने सबके मंगल की कामना की

*राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार को जयपुर के जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र में स्थित श्री राज राजेश्वरी माताजी मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां देवी के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की।*

## मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में निर्देश
# हाई रिस्क गर्भवतियों की होगी रियल टाइम डिजिटल ट्रैकिंग

जयपुर, 21 जुलाई (पंजाब केसरी) : प्रदेश में मातृ मृत्यु दर कम करने और सुरक्षित प्रसव के लिए चिकित्सा विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। वहीं सुरक्षित मातृत्व सेवाओं की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समर्पित कंट्रोल रूम भी स्थापित होगा। इसका निर्णय मंगलवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया।


बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में पिछले 24 घंटे के दौरान हुए सभी सिजेरियन प्रसव और हाई रिस्क गर्भवतियों की स्थिति की सीधे अधिकारियों और फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने जयपुर, चूरू और झुंझुनूं की एएनएम से सीधा संवाद कर हाई रिस्क गर्भवतियों के नियमित फॉलोअप, संभावित प्रसव तिथि की निगरानी, समय पर चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रेफरल करने पर जोर दिया।

बैठक में आरएनटी मेडिकल कॉलेज द्वारा विकसित 'सेतु डिजिटल इमरजेंसी हेल्थकेयर सॉफ्टवेयर' की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने इसी तर्ज पर चिकित्सा विभाग के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए, जिसे एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य फील्ड स्वास्थ्यकर्मियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गर्भवती महिलाओं की रियल टाइम ट्रैकिंग, रेफरल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग अधिक प्रभावी होगी।

## आज का राशिफल

**22 जुलाई 2026, बुधवार**

आषाढ़ शुक्ल तिथि नवमी (पूरा दिन-रात)। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-





| | | |
|---|---|---|
| **सूर्य** कर्क में | **बुध** मिथुन में | **शनि** मीन में |
| **चन्द्रमा** तुला में | **गुरु** कर्क में | **राहू** कुंभ में |
| **मंगल** वृष में | **शुक्र** सिंह में | **केतु** सिंह में |

विक्रमी सम्वत् : 2083, श्रावण प्रविष्टे 7, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 31 (आषाढ़), हिजरी साल 1448, महीना सफर, तारीख 7, सूर्योदय: प्रातः 5.42 बजे, सूर्यास्त: सायं 7.26 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र: स्वाति (रात 11.04 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र विशाखा, योग: साध्य (सायं 6.42 तक) तथा तदोपरांत योग शुभ, चंद्रमा: तुला राशि पर (पूरा दिन-रात)। दिशा शूल: उत्तर एवं वायव्य दिशा के लिए, राहु काल: दोपहर बारह से डेढ़ बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार : भढली नवमी, आषाढ़ गुप्त नवरात्रे समाप्त, मेला शरीक भवानी (काश्मीर)। **पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

**मेष:** अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, सफलता साथ देगी, मान-सम्मान की प्राप्ति, हर मामले के प्रति दोनों पति-पत्नी की एक जैसी सोच-अपरोच रहेगी।

**वृष:** डरे-डरे मन तथा मनोबल में टूटन के कारण आप किसी भी नई कोशिश को हाथ में लेने की हिम्मत न रखेंगे, सफर भी न करें।

**मिथुन:** यत्न करने पर आपकी प्लानिंग-प्रोग्रामिंग में कोई बाधा-मुश्किल हटेगी, इरादों में मजबूती, आम हालात भी अनुकूल चलेंगे।

**कर्क :** प्रापर्टी के किसी काम के लिए आपकी भागदौड़ अच्छा रिजल्ट देगी, शत्रु भी आपकी पकड़ में रहेंगे।


फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
KundliTV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...


**सिंह :** आम सितारा मजबूत जो आपको हिम्मती, उत्साही तथा कामकाजी तौर पर व्यस्त तथा एक्टिव रखेगा, प्रभाव भी बना रहेगा।

**कन्या :** टीचिंग, कोचिंग, स्टेशनरी, प्रकाशन, फोटो-वीडियोग्राफी, टूरिज्म, कंसल्टैंसी का काम करने वालों को अपने कामों में लाभ मिलेगा।

**तुला:** व्यापार तथा कामकाज की दशा संतोषजनक, सफलता तथा मान-सम्मान देने वाला सितारा, मौसम के एक्सपोइयर से अपने आपको बचाकर रखें।

**वृश्चिक:** चूंकि सितारा नुकसान देने वाला है, इसलिए न तो कोई कारोबारी टूर करें और न ही बेध्यानी के साथ कोई डील करें।

**धनु :** सितारा व्यापार कारोबार में लाभ देने वाला, कामकाजी प्लानिंग, प्रोग्रामिंग का भी बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

**मकर:** किसी अफसर के सॉफ्ट लचीले रुख के कारण आपकी कोई प्राब्लम सुलझ सकती है, मान-सम्मान की प्राप्ति।

**कुंभ:** किसी धार्मिक प्रोग्राम के साथ जुड़ने, धार्मिक लिटरेचर पढ़ने, कथा वार्ता, भजन कीर्तन सुनने में जी लगेगा।

**मीन :** सितारा पेट के लिए ढीला, लापरवाही के साथ खान-पान न करें, लिखत-पढ़त के काम भी एहतियात के साथ करें।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, बड़ौदा भवन
द्वितीय मंजिल, 13 एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर-302018
फोन: 0141-2727166, ई-मेल: armjai@bankofbaroda.bank.in

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस "परिशिष्ट-IVक" (नियम 8(6) का परन्तुक देखे)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/प्रभारित है, का कब्जा **बैंक ऑफ बडौदा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए **बैंक ऑफ बडौदा**, प्रतिभूत लेनदार द्वारा **"जहां है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धन राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| क्र. सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात ऋणभार यदि कोई हो, के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | मांग सूचना के अनुसार कुल बकाया | ई-नीलामी दिनांक / ई-नीलामी का समय | आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/वास्तविक) | सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स सारथी इम्पेक्स प्रोपराईटर श्री प्रकाश नाहर पुत्र श्री पन्ना लाल नाहर, ए-29, लक्ष्मी विहार करतार पुरा, स्वेज फार्म, जयपुर (राजस्थान) 302006 श्री प्रकाश नाहर पुत्र श्री पन्ना लाल नाहर (प्रोपराईटर) 42, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, राम नगर विस्तार, सोडाला, जयपुर राजस्थान 302019 | आवासीय संपत्ति जो फ्लैट नंबर 506 चौथी मंजिल, यश अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 56, 57 और 58, नारायण विहार-टी ग्राम श्रृंगारपुरा, तहसील सांगानेर जयपुर राजस्थान 302029 में स्थित जिसका बिल्डअप एरिया 1185 वर्गफीट है। फ्लैट की सीमाएं- पूर्व- गलियारा, पश्चिम- आसमान की ओर खुला, उत्तर- फ्लैट नंबर 505, दक्षिण- फ्लैट नंबर 507 | रूपये 9028513/- दिनांक 05.04.2026 तक बकाया + ब्याज, लागते, प्रभार एवं अन्य वसूली खर्चे इत्यादि | 06-08-2026 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ) | आरक्षित मूल्य रूपये 29,21,000/- धरोहर राशि रूपये 2,92,100/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 10,000/- | भौतिक | 05.08.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक; ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख: 05.08.2026 |

किसी भी प्रश्न के लिए संपर्क नंबर: 8291220220 और ईमेल आईडी- support.baanknet@psballiance.com
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं https://baanknet.com को देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नंबर 0141-2727166 मो. 9116014474 पर संपर्क कर सकते है।
दिनांक: 21.07.2026 स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
अधिक विवरण हेतु स्केन करे

**HDFC BANK** We understand your world
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, चतुर्थ तल, टाइम्स स्क्वॉयर, 10 सेन्ट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान-302039
"परिशिष्ट- IV-क" [नियम 8 (6) का परन्तुक देखें]

**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत बैंक द्वारा बंधक अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
आमजन को तथा ऋणीयों/सह-ऋणीयों/बंधककर्ताओं को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत जारी किए गए मांग सूचना के अनुसार एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा ले लिया। नीचे वर्णित बैंक के बकाए व ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ जहां है, जैसी है, जो कुछ भी है, बिना संसाधनों के आधार पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बकायों के भुगतान हेतु प्रस्ताव रखा है। ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल https://hdfcbank.auctiontiger.net पर नीचे उल्लेखित संपत्तियों की बिक्री की जायेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/खाते का विवरण/राशि/ईएमडी/इत्यादि

| क्र. सं. | ऋणीयों का नाम | वसूली के लिए बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) रूपये* | अचल सम्पत्ति / प्रतिभूत आस्ति का विवरण | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रू.) / ईएमडी (रू.) | संपत्ति के निरीक्षण की दिनांक एवं समय | ई-नीलामी की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता नंबर- 81234413 1. आदर्श वाइब्रेंट इम्पेक्स प्रा. लि. जरिये इसके निदेशक श्री वीरेंद्र कुमार (ऋणी), 2. मैसर्स वीरेंद्र मोदी बिल्ड एस्टेट प्रा. लि. जरिये इसके निदेशक श्री वीरेंद्र कुमार (सह-ऋणी), 3. स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार पुत्र श्री प्रकाशराज मोदी (मृतक), जरिये उनके कानूनी वारिसों (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता): ए) प्रणय कुमार मोदी पुत्र स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार, बी) श्रीमती दक्षा कुमारी जैन पत्नी स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार, 4. श्रीमती दक्षा कुमारी जैन पत्नी स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार (सह-ऋणी) | धारा 13(2) नोटिस दिनांकित 18/09/2018 के अन्तर्गत बकाया राशि रू.1,34,10,408/- एवं रू.1,64,19,085/- दिनांक 20.07.2026 तक बकाया एवं अनुबंध के अनुसार 21.07.2026 से आगे का ब्याज, लागत व अन्य खर्चों के पूर्णभुगतान होने की दिनांक तक। | 'वैभव रेजीडेंसी' जो खसरा नंबर 872, सिरोही, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 8905.6 वर्गगज है जिसके मालिक श्री वीरेंद्र कुमार पुत्र श्री प्रकाश राज मोदी है। | भौतिक | रू. 5,75,00,000/- / रू. 57,50,000/- | 10/08/2026 दोपहर 12.30 से दोपहर 3.30 बजे तक | 17/08/2026 दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक |
| 2. | ऋण खाता क्रमांक- 80788646 1) स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार पुत्र श्री प्रकाशराज मोदी (मृतक), जरिये उनके कानूनी वारिसों (ऋणी एवं बंधककर्ता): ए) प्रणय कुमार मोदी पुत्र स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार, बी) श्रीमती दक्षा कुमारी जैन पत्नी स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार, 2) आदर्श वाइब्रेंट इम्पेक्स प्रा. लि. जरिये इसके निदेशक श्री वीरेंद्र कुमार (सह-ऋणी), 3) श्रीमती दक्षा कुमारी जैन पत्नी स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार (सह-ऋणी), 4) श्री राजू विक्रम सिंह पुत्र श्री राजू सिंह (सह-ऋणी) | धारा 13(2) नोटिस दिनांकित 18/09/2018 के अन्तर्गत बकाया राशि रू.1,81,34,333/- एवं रू.2,12,94,304/- दिनांक 20.07.2026 तक बकाया एवं अनुबंध के अनुसार 21.07.2026 से आगे का ब्याज, लागत व अन्य खर्चों के पूर्णभुगतान होने की दिनांक तक। | | | | | |
| 3. | 1. क्रिएटिव स्टाफिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड जरिये निदेशक श्रीमती प्रेम कुमारी (ऋणी) 2. श्री चंद्र पाल सिंह पुत्र श्री भोज राज सिंह (मृतक), जरिये कानूनी वारिसों (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता): ए) श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी श्री चंद्र पाल सिंह, बी) श्री सोमिल सिंह पुत्र श्री चंद्र पाल सिंह। 3. श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी श्री चंद्र पाल सिंह (सह-ऋणी) | धारा 13(2) नोटिस दिनांकित 21/08/2019 के अन्तर्गत बकाया राशि रू.15,55,045/- एवं रू.22,73,945/- दिनांक 20.07.2026 तक बकाया एवं अनुबंध के अनुसार 21.07.2026 से आगे का ब्याज, लागत व अन्य खर्चों के पूर्णभुगतान होने की दिनांक तक। | कार्यालय नंबर 712, सातवीं मंजिल, वाणिज्यिक प्लॉट नं. 4, एयरपोर्ट प्लाजा, टोंक रोड, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान। क्षेत्रफल 302.44 वर्गफुट। मालिकः श्री चंद्र पाल सिंह पुत्र श्री भोज राज सिंह | भौतिक | रू. 18,22,000/- / रू. 1,82,000/- | 10/08/2026 दोपहर 12.30 से दोपहर 3.30 बजे तक | 17/08/2026 दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक |

पैन कार्ड/पता एवं पहचान प्रमाण तथा धरोहर राशि जमा करने के प्रमाण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 12/08/2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.30 बजे तक
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट https://www.hdfc.bank.in/auction-notices एवं प्रतिभूति लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.hdfc.bank.in पर देखे।
दिनांक: 20.07.2026 स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड